Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a FM Radio station in Tharad in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): प्रसार भारती निदेशालय द्वारा वर्ष 2015 में 12वें प्लान के अंतर्गत गुजरात राज्य में 13 स्थानों पर 1 के0डब्ल्यू0 एफ0एम0 ट्रांसमीटर लगाने हेतु अनुमोदन किया गया था और इसमें से एक थराद शहर भी है जो एक विधान सभा क्षेत्र है और मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा लोक सभा के अन्तर्गत आता है, जहाँ अब तक एफ.एम. रेडियो स्टेशन का संचालन नहीं हो पाया है । महोदय थराद एक पिछड़ा हुआ मजदूर और किसान बहुल क्षेत्र होने के साथ-साथ पाकिस्तान की सीमा से लगा हुआ क्षेत्र होने के कारण एफ.एम. रेडियो स्टेशन की बहुत सख्त आवश्यकता है यहां एफ.एम. रेडियो स्टेशन की बहुत सख्त आवश्यकता है यहाँ एफ.एम. रेडियो स्टेशन नहीं होने के कारण किसान, मजदूर, विद्यार्थी अनेक आवश्यक जन-साधारण सूचनाओं से वंचित रह जाते हैं उन्हें आसानी से कोई आवश्यक सूचना नहीं मिल पाती है । महोदय, एफ.एम. रेडिओ स्टेशन संचार प्रसारण का सबसे सस्ता और सुलभ साधन भी है । अतः मेरा निवेदन है कि उक्त मामले को अपने संज्ञान में लेकर यथाशीघ्र 1 के.डब्ल्यू.एफ.एम. ट्रांसमीटर का इंस्टालेशन कर जल्द से जल्द एफ.एम. रेडियो स्टेशन का संचालन करने की कृपा करें ।